न्यूज 1 नजर में

जिला प्रवक्ता संजय सोनी ने आभार जताया

बैजनाथ। भाजपा संगठनात्मक जिला पालमपुर के नवनियुक्त जिला प्रवक्ता संजय सोनी ने अपनी पुनः नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति का वह नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार, प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर, जिला भाजपा अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा, पूर्व विधायक मुल्ख राज प्रेमी का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस पद पर उनकी पुनः नियुक्ति की। संजय सोनी ने कहा कि पूर्व की भांति वह पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वाह करेंगे तथा भाजपा के मीडिया तंत्र को मजबूत करने के लिए अपना पूरा योगदान देंगे।

लाइसेंस लेकर बैठे परिचालकों को रोजगार दे सरकार

नगरोटा सूरियां। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से हिमाचल युवा वर्ग ने मांग की है कि वह जल्द ही हिमाचल प्रदेश के नौजवान जो परिचालक लाइसेंस लेकर बैठे हुए हैं और आयु सीमा 45 वर्ष होने वाले हैं उन सभी लाइसेंस बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र लेकर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू कर रोजगार दे। सामान्य वर्ग के ऐसे कई बेरोजगार युवा भी है, जिनके पास परिचालक के लाइसेंस तो है, लेकिन 45 वर्ष पूरे होने पर वह खत्म हो चुके हैं, क्योंकि उनकी आयु सीमा 45 साल से अधिक हो चुकी है तथा बेरोजगार हो चुके इस बात को ध्यान में रखते हुए जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर रोजगार उपलब्ध करवाया जाए।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक 10 सितंबर को

धर्मशाला। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश ब्लॉक रैत की त्रैमासिक बैठक 10 सितंबर को घरोह में आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस दिन नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा। इस दौरान पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श एवं समाधान के लिए सभी पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स बैठक में जरूर शिरकत करें।

पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप की तैयारी

नरवाणा में 13 से 17 नवंबर तक होगा आयोजन, एयरो क्लब ऑफ इंडिया के ऑब्जर्वर ने किया साइट विजिट

राजेश कुमार ▮ धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला के समीप नरवाणा में पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू हो चुकी है। 13 से 17 नवंबर तक एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाएगा। इस इवेंट की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नरवाना एडवेंचर्स क्लब व आर्मी एडवेंचर्स विंग्स द्वारा मिलकर, नरवाना पैराग्लाइडिंग साइट पर पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी प्री वर्ल्ड कप को लेकर चर्चा की गई।

एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप को लेकर शुक्रवार को एयरो क्लब ऑफ इंडिया के ऑफिशियल ऑब्जर्वर व टीम बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन ने नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट का दौरा किया। एक्यूरेसी प्री-वर्ल्ड कप को लेकर शुक्रवार को एयरो क्लब ऑफ इंडिया के ऑफिशियल ऑब्जर्वर व टीम बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन ने नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट का दौरा किया। इस दौरान सुरेश ठाकुर, परवीन ठाकुर, उमेश ठाकुर, चमेल दास, पंकज आदि मौजूद रहे। टीम नरवाणा एडवेंचर्स क्लब के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों कपिल शर्मा टिंकू, मुनीष कपूर, देशराज कपूर, सन्नी बड़जातया, सुभाष कपूर, पंकज जंवाल, तुषार व समस्त स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट के निरीक्षण के दौरान एक्सपर्ट व नरवाणा एडवेंचर्स क्लब व आर्मी एडवेंचर्स विंग्स के सदस्य।

पैराग्लाइडिंग साइट पर उड़ान भरते पायलट का (फाइल फोटो)

पिछले वर्ष हुई थी साइट की अधिसूचना

नरवाणा एडवेंचर्स क्लब के 4 वर्षों के प्रयास के बाद सरकार ने वर्ष 2022 को नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट की अधिसूचना जारी की है और पर्यटन विभाग की ओर से नरवाणा एडवेंचर क्लब को मान्यता प्रदान की गई है। गौरतलब है कि नरवाणा एडवेंचर्स क्लब को एयरो क्लब ऑफ इंडिया, फेडरेशन एयरोनॉटिक इंटरनेशनल (एफएआई), पीजीएडब्ल्यूसी, आर्मी एडवेंचर विंग्स, हिमाचल टूरिज्म द्वारा मान्यता प्राप्त है।

नरवाणा में वातावरण बेहतर

पैराग्लाइडिंग का बड़ा इवेंट करवाने के लिए फेडरेशन एरोनॉटिक इंटरनेशनल (एफएआई), जो कि स्पोर्टिंग लाइसेंस अथॉरिटी है की परमिशन जरूरी होती है। नरवाणा में वातावरण बेहतर है, इस सइट में वो सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जोकि एक पैराग्लाइडिंग साइट के लिए होनी चाहिए।

2020 में अस्तित्व में आई थी साइट

नरवाणा पैराग्लाइडिंग साइट 2020 में अस्तित्व में आई थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसका ज्यादा विकास नहीं हो सका। नरवाणा साइट बीड़ बिलिंग के बाद दूसरी सबसे बड़ी साइट है, जहां का ट्रैक काफी लंबा है। नरवाणा एडवेंचर क्लब के पास लाइसेंस धारक पैराग्लाइडर हैं।

एमबीए का तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

धर्मशाला। एमबीए का तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एक अच्छे नोट के साथ समाप्त हो गया है, जिसमें कुलपति श्रीसाई विवि पालमपुर डॉ. एनएन शर्मा मुख्यअतिथि थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीवन कटोच, एमबीए समन्वयक डॉ. नरेश शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान एमबीए के विद्यार्थियों को भी जागरूक किया। समापन सत्र के मुख्यअतिथि कुलपति श्रीसाई विश्वविद्यालय पालमपुर डॉ. एनएन शर्मा ने एमबीए कार्यक्रम के पूरा होने के बाद छात्रों को उनके लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में मार्गदर्शन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीवन कटोच ने एमबीए प्रोग्राम के नव प्रवेशित छात्रों के लिए तीन दिवसीय अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए एमबीए विभाग को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य लिए शुभकामनाएं दीं। एमबीए प्रोग्राम के समन्वयक ने भी इस अवसर पर छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर एमबीए विभाग के शिक्षक डॉ. अखिल गौतम, अंकिता सूद, डॉ. मेघना सूद और प्रियंका शर्मा भी मौजूद रहे।

जवाली में डीएसपी बीरी सिंह ने संभाला कार्यभार

जवाली। जवाली में नए डीएसपी बीरी सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है।

बीरी सिंह 2021 बैच के एचपीएस अधिकारी हैं। मंडी जिला के बद्दवाडा से संबंध रखने वाले बीरी सिंह ने 2008 में बतौर सब इंस्पेक्टर पुलिस विभाग में ज्वॉइन किया था। उन्होंने बताया कि इलाके में ट्रैफिक व्यापक में सुधार लाना प्राथमिकता रहेगी बिना हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग, ओवरस्पीड व नाबालिग वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस को मुस्तैद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता के साथ मिलकर अपराध खत्म करने व अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को लेकर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को लेकर लोगों को जागरूक करना भी उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि चिट्टा माफिया व खनन माफिया पर उनकी पैनी नजर बनी रहेगी।

श्रीकृष्ण की शिक्षाएं देती हैं ईमानदारी व समर्पण का संदेश

विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जन्माष्टमी पर आयोजित शोभायात्रा में लिया भाग

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ चंबा

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने वीरवार को कृष्ण जन्माष्टमी के पर श्रीराधा-कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी से आयोजित शोभायात्रा में भाग लिया। इस दौरान सदर विधायक नीरज नैय्यर भी उनके साथ मौजूद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने राधा-कृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी में शीश नवाया और प्रदेश व जिलावासियों के उज्जवल भविष्य और सुख समृद्धि की कामना की और विशेष कर उन्होंने हाल ही में पूरे प्रदेश में भारी बरसात से कारण हुए नुकसान से उबरने के लिए भी भगवान श्रीकृष्ण से प्रार्थना की। शोभायात्रा श्रीराधाकृष्ण मंदिर जुलाहकड़ी से शुरू होकर चंबा शहर से वापस जुलाहकड़ी में समाप्त हुई। बाजार के चौक पर गवालों ने मटकी फोड़ने की भव्य रस्म भी अदा की। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हमें सत्य निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से कार्य करते रहने का संदेश देती हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भक्ति, ज्ञान, योग व कर्म का जो संदेश दिया है वह आज भी प्रासंगिक है।

उन्होंने जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित की गई शोभायात्रा के आयोजकों को भव्य आयोजन की भी बधाई दी। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने देवी-देवताओं की भूमिका में सबका मन मोह लिया। वहीं स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर इस शोभायात्रा में भाग लिया जोकि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का महिमा गुणगान करते भक्ति रस में थिरकते नजर आए। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला को देखने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा में पूर्व विधायक पवन नैय्यर, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा नगर परिषद के विभिन्न वार्डों के पार्षद गण, कार्यकारी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी कमल ठाकुर, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

▮ कहा- गीता में भक्ति, योग व कर्म का संदेश आज भी प्रासंगिक

मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दिया अंशदान

हिमाचल दस्तक ▮ जयसिंहपुर

जयसिंहपुर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे सीएम सुखविंद्र सिंह सूक्खु को कई दानी सज्जनों व सरकारी विभागों ने आपदा राहत कोष में राशि के चेक दिए।

जयसिंहपुर निवासी शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त व्यास देव गौतम ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के लिए 51000 का चेक, अराजपत्रित कर्मचारी संघ जयसिंहपुर ने भी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा देशराज सैनी, सचिन सूद के नेतृत्व ने 51000 का चेक आपदा राहत कोष में दान दिया। प्राथमिक शिक्षक संघ लंबागांव द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के दौरे के दौरान संघ के प्रधान राजेंद्र सिंह जग्गी के नेतृत्व मे जयसिंहपुर में आपदा राहत कोष के लिए 51000 रुपयों का चेक दिया। आलमपुर निवासी व्यवसायी विजय पूरी ने भी सीएम आपदा राहत कोष में 11 हजार रुपये का चेक सीएम सुखविंद्र सिंह सूक्खु को दिया।

मृतक के परिजनों को सौंपी बीमा राशि

***पालमपुर।** ग्रामीण घुग्गर बैंक की शाखा के अभिषेक को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख की राशि प्रदान की जोकि उनके पिता स्व. विपिन कुमार गांव घुग्गर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर दी गई। इनका प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के 436 रुपये का बीमा करवाया था। यह जानकारी शाखा प्रबंधक मुनीष कुमार ने दी। ▮हिमाचल दस्तक*

21 दिन बाद बहाल हुई हारसीपत्तन सड़क

हिमाचल दस्तक ▮ जयसिंहपुर

13 अगस्त को हुई भारी बारिश से सड़क धंसने से क्षतिग्रस्त हुआ जयसिंहपुर-हारसीपत्तन सड़क मार्ग 21 दिनों के बाद यातायात के लिए बहाल हो गया है। जयसिंहपुर-हारसी क्षेत्र की लाइफलाइन कहलाए जाने वाले इस सड़क मार्ग पर भू-स्खलन के कारण सड़क किनारे लगी रिटेनिंग वॉल गिर गई थी और सड़क धंस गई थी। सड़क धंसने के कारण इस सड़क पर यातायात ठप हो गया था। हालांकि वाया मक्कड़ होकर छोटे वाहन आ जा रहे थे लेकिन वो रास्ता सिंगल होने के कारण इस मार्ग पर घंटों जाम लग रहा था। जयसिंहपुर को यही सड़क मार्ग हलेड़, हारसी, सरिमोलग, संधोल व चढ़ियार से जोड़ता है लेकिन बस सेवा न चलने के कारण लोगों को काफी दिक्कत हो रही थी। स्कूली बच्चों को जयसिंहपुर व आलमपुर के स्कूलों में जाने के लिए अलग से गाड़ियों का इंतजाम कर जयसिंहपुर आकर स्कूल बस लेनी पड़ रही थी। बस सेवा सीमित संख्या में जयसिंहपुर अस्पताल स्टॉप तक ही होने भी लोग जयसिंहपुर आने जाने से परहेज कर रहे थे। जरूरी होने पर ही लोग टैक्सी या अन्य साधन का प्रयोग कर रहे थे। हालांकि कुछ दिन पहले छोटी गाड़ियों ने इस सड़क से होकर निकलना शुरू कर दिया था लेकिन बड़ी गाड़ियों के लिए सड़क बंद पड़ी हुई थी। लोक निर्माण विभाग पर भी इस सड़क को जल्दी चलाने का दबाव था। अब इस सड़क के बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। अब सभी प्रकार के वाहनों के लिए यह सड़क बहाल होने से लोगों ने राहत की सांस ली है।

विश्रांति स्थित राधाकृष्ण मंदिर में की मूर्ति स्थापना

पालमपुर। देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस पावन अवसर पर विवेकानंद ट्रस्ट पालमपुर के तत्वावधान में बनकर तैयार वयोवृद्ध आवासीय सेवाकेंद्र 'विश्रांति' में निर्मित भव्य मंदिर में श्रीराधाकृष्ण की मूर्तियों की विधिवत स्थापना संपन्न की गई। पालमपुर स्थित 'विश्रांति' वयोवृद्ध व्यक्तियों के लिए एक आदर्श संस्थान बनकर उभरेगा। इस संस्थान में रहने वाले साधकों के लिए एक भव्य प्रार्थना भवन का संकल्प लिया गया था। मंदिर के निर्माण का बीड़ा शांता कुमार ने स्वयं उठाया तथा भव्य मंदिर भवन बनाने के लिए धनराशि अपने निजी संसाधनों तथा अन्य सहयोगियों की सहायता से जुटाई। वयोवृद्ध आवासीय केंद्र में भजन एवं ध्यान-मनन के लिए मंदिर की व्यवस्था अपने आप में एक अनूठा प्रयोग है। वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ विग्रहों में प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष शांता कुमार ने विशेष रूप से पधारकर मूर्ति स्थापना का कार्य संपन्न किया तथा ट्रस्टी विक्रम शर्मा, तीनों संस्थाओं के प्रमुख डॉ. आशुतोष गुलेरी, डॉ. विमल रॉय दुबे, राकेश कोरला सहित विश्रांति प्रबंधन बोर्ड के सदस्य नरेश आचार्य, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने पांगी के वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

पुंटो सड़क मार्ग के निर्माण को जल्द किया जाए पूरा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▮ चंबा

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने पांगी प्रवास के दौरान पांगी घाटी में बरसात के कारण हुए नुकसान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त हुए खेत खलिहान व डंगों की पुनः निर्माण, रास्तों की पुनः बहाली के लिए एक लाख तक की राशि का सरकार द्वारा मनरेगा के तहत प्रावधान किया गया है।

उन्होंने लोगों की मांग पर पुंटो सड़क मार्ग के निर्माण को जल्द पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए। दोपहर बाद उन्होंने पुस्तकालय भवन किलाड़ में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। बैठक में पंचायती राज मंत्री को पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव और अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी और समस्याओं से अवगत करवाया।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधा न होने के कारण मनरेगा के तहत किया जा रहे कार्यों की ऑनलाइन हाजिरी नहीं लग पा रही है उन क्षेत्रों में ऑफलाइन माध्यम से हाजिरी लगाई जाए और कार्यों की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता प्रदान करें।

बैठक में उन्होंने यह भी आश्वासन दिया उपमंडल के विभिन्न कार्यालयों में रिक्त चल रहे पदों को जल्द सरकार द्वारा नई भर्ती के माध्यम से भरने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपने अपने क्षेत्र में महिलाओं के स्वयं सेवा समूह गठित करने को भी कहा व स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने हेत महिलाओं को प्रशिक्षण और हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों की मांग पर चर्चा करते हुए हाल ही में घाटी के डीनोटीफाइड संस्थानों को घाटी की कठिन भौगोलिक स्थिति को देखते हुए पुनः संचालित करने के लिए सरकार के समक्ष मुद्दा रखने का आश्वासन भी दिया। इससे पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री ने विश्राम गृह लोक निर्माण विभाग किलाड़ में जनसमस्याएं सुनी व समस्याओं के जल्द समाधान हेतु संबंधित विभागों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

पंचायत भवन के निर्माण के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी 1 करोड़ 14 लाख की धनराशि

पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा नए पंचायत भवन निर्माण करने के लिए 1 करोड़ 14 लाख तक की धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके लिए 10 बिस्वा तक भूमि का चयन करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन में एक कॉनफेरेंस हॉल भी बनाया जाएगा। सरकार द्वारा इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि घाटी का मुख्य व्यवसाय नकदी फसलें हैं जिसमें मटर मुख्य फसल है। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिक को सुधारने वह फसल का सही दाम किसानों को उपलब्ध करवाने के लिए जल्द एक पॉलिसी बनाई जाएगी।

आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L40106HP2020PLC010065 | टेलीफोनः 91 1975 272001 | वेबसाइटः www.iwel.co.in | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com

शेयरधारकों हेतु तृतीय वार्षिक आम बैठक तथा ई–वोटिंग से सम्बंधित सूचना की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की **तृतीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 को अपराह्न 4:30 बजे (भारतीय मानक समय)**, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू होने योग्य प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा निर्गत प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, **विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही एजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

तृतीय एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष ('वित्तीय वर्ष') 2022–23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की गई हैं जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.iwel.co.in; स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com; तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं। वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट https://www.iwel.co.in/pdf/Annual%20Report/Inox%20Wind%20Energy%20Limited%20AR%202022-23_Final_07.09.23.pdf पर देखी जा सकती है।

कम्पनी ने, कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 22 सितम्बर, 2023 के अनुसार, भौतिक अथवा डीमैट तौर पर शेयरों की प्रतिरक्षा करने वाले अपने सभी सदस्यों हेतु एजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में, एनएसडीएल के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से, ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग') की व्यवस्था की है। केवल उपर्युक्त कट–ऑफ तिथि पर कम्पनी के शेयरों को प्रतिरक्षित रखने वाले सदस्य ही ई–वोटिंग सुविधा का लाभ पाने हेतु योग्य होंगे। वोटिंग का अधिकार (ई–वोटिंग सुविधा हेतु) कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्य(ओं) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर आंकलित किया जाएगा। सभी योग्य सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई–वोटिंग सुविधा की समय–सारणी का ध्यान रखें:

विवरण	दिनांक
वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण पूर्ण होने की तिथि	सितम्बर 7, 2023
रिमोट ई–वोटिंग आरम्भ होने की तिथि एवं समय	सितम्बर 25, 2023, प्रातः 9:00 बजे
रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय	सितम्बर 28, 2023, सायं 5:00 बजे
एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की तिथि	सितम्बर 29, 2023
परिणाम की घोषणा की तिथि	एजीएम के समापन के 2 कार्य दिवस के अन्दर

सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनने वाले सभी योग्य सदस्य एवं व्यक्ति, ई–वोटिंग सुविधा, वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होन/ भाग लेने हेतु प्रणाली तथा सदस्यों का ईमेल पता एवं फोन नंबर पंजीकृत/ अद्यतन करने हेतु एजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम के दौरान पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को तदनंतर उन्हें बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त समय–सारणी में निर्दिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, "ए" विंग, 4वीं मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013, नामित ईमेल पताः evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in (दूरभाषः 022–48867000/24997000) से संपर्क कर सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड एनर्जी लिमिटेड**
हस्ता/–
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 7 सितम्बर, 2023

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

INOXWIND

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्सः 01975 272001 | वेबसाइटः www.inoxwind.com | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com

शेयरधारकों हेतु 14वीं वार्षिक आम बैठक तथा ई–वोटिंग से सम्बंधित सूचना की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की **चौदहवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 को अपराह्न 3:00 बजे (भारतीय मानक समय)**, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू होने योग्य प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा निर्गत प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, **विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही एजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

14वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष ('वित्तीय वर्ष') 2022–23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की गई हैं जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com; स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com; तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं। वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट https://inoxwind.com/wp-content/uploads/2023/09/1.-Inox-Wind-Ltd-AR-2022-23.pdf पर देखी जा सकती है।

कम्पनी ने, कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 22 सितम्बर, 2023 के अनुसार, भौतिक अथवा डीमैट तौर पर शेयरों की प्रतिरक्षा करने वाले अपने सभी सदस्यों हेतु एजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में, एनएसडीएल के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से, ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग') की व्यवस्था की है। केवल उपर्युक्त कट–ऑफ तिथि पर कम्पनी के शेयरों को प्रतिरक्षित रखने वाले सदस्य ही ई–वोटिंग सुविधा का लाभ पाने हेतु योग्य होंगे। वोटिंग का अधिकार (ई–वोटिंग सुविधा हेतु) कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्य(ओं) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर आंकलित किया जाएगा। सभी योग्य सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई–वोटिंग सुविधा की समय–सारणी का ध्यान रखें:

विवरण	दिनांक
वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण पूर्ण होने की तिथि	सितम्बर 7, 2023
रिमोट ई–वोटिंग आरम्भ होने की तिथि एवं समय	सितम्बर 25, 2023, प्रातः 9:00 बजे
रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय	सितम्बर 28, 2023, सायं 5:00 बजे
एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की तिथि	सितम्बर 29, 2023
परिणाम की घोषणा की तिथि	एजीएम के समापन के 2 कार्य दिवस के अन्दर

सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनने वाले सभी योग्य सदस्य एवं व्यक्ति, ई–वोटिंग सुविधा, वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होन/ भाग लेने हेतु प्रणाली तथा सदस्यों का ईमेल पता एवं फोन नंबर पंजीकृत/ अद्यतन करने हेतु एजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम के दौरान पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को तदनंतर उन्हें बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त समय–सारणी में निर्दिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, "ए" विंग, 4वीं मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013, नामित ईमेल पताः evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in (दूरभाषः 022–48867000/24997000) से संपर्क कर सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 7 सितम्बर, 2023